केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**समन्वय/कंपार्ट./परीक्षा/प्राइवेट/2021** **दिनांक : 10.08.2021**

**परिपत्र**
**(कक्षा 10वीं तथा 12वीं के प्राइवेट अभ्यर्थी)**

**विषय : कक्षा 10 और 12 के प्राइवेट अभ्यर्थियों के संबंध में कंपार्टमेंट/ सुधार परीक्षा अगस्त - सितंबर, 2021 के लिए प्रक्रिया**

कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए सारणीकरण की नीतियों और 02 अगस्त, 2021 के परिपत्र के क्रम में, कक्षा 10 और 12 के अभ्यर्थियों के लिए वैकल्पिक और कंपार्टमेंट परीक्षाएँ 25 अगस्त, 2021 से होनी तय हुई हैं।
यह ध्यान दिया जाए कि मुख्य परीक्षा 2021 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही इस परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1. सत्र 2020-21 (मुख्य परीक्षा) के निम्न श्रेणियों के कक्षा 10वीं और 12वीं के प्राइवेट अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे:

**(क) गत वर्षों के अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी**
प्राइवेट अभ्यर्थी के रूप में मुख्य परीक्षा 2021 के लिए पंजीकृत अनुत्तीर्ण श्रेणी के अभ्यर्थी ।

**(ख) प्रदर्शन में सुधार के मामले**
प्राइवेट अभ्यर्थी के रूप में मुख्य परीक्षा 2021 के लिए पंजीकृत परीक्षा में सुधार हेतु अभ्यर्थी।

**(ग) अतिरिक्त विषय**
प्राइवेट अभ्यर्थी के रूप में मुख्य परीक्षा 2021 के लिए अतिरिक्त विषय श्रेणी के तहत पंजीकृत अभ्यर्थी।

**(घ) कंपार्टमेंट द्वितीय अवसर (2019 के अभ्यर्थी)**
अभ्यर्थी, जो पहले से ही मुख्य परीक्षा 2021 के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों के रूप में पंजीकृत थे, जो पहले 2019 में उपस्थित हुए थे और जिनका परिणाम कंपार्टमेंट के रूप में घोषित किया गया था और जुलाई 2019 (पहला मौका) में पास नहीं हो सके और दूसरे अवसर हेतु फरवरी/ मार्च 2020 में आयोजित परीक्षा के लिए आवेदन किया ये अभ्यर्थी सितंबर 2020 में आयोजित संबंधित विषय की परीक्षा आयोजित न होने और रद्द होने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए।

**(ङ) कंपार्टमेंट द्वितीय अवसर (2020 के अभ्यर्थी)**
अभ्यर्थी, जो पहले से ही मुख्य परीक्षा 2021 के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों के रूप में पंजीकृत थे, जो पहले 2020 में उपस्थित हुए थे और जिनका परिणाम कंपार्टमेंट के रूप में घोषित किया गया था और सितंबर, 2020 (पहला मौका) में पास नहीं हो सके और 2021 में निर्धारित मुख्य परीक्षा के लिए दूसरे मौके हेतु आवेदन किया था। .

**(च) विशेष प्राइवेट मामले**

पत्राचार, महिलाओं और दिल्ली के विशेष आवश्यकता वाले अभ्यर्थियों, जिन्होंने मुख्य परीक्षा 2021 के लिए प्राइवेट



अभ्यर्थी के रूप में आवेदन किया था।

2. **परीक्षा हेतु विषय**
सीबीएसई कक्षा 12 के लिए 19 विषयों और कक्षा 10 के लिए 10 विषयों की परीक्षाएं संलग्नक – 1 में दिए गए विषयों के अनुसार आयोजित करेगा।

3. अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक अनुपालन के लिए निम्नलिखित जानकारी पर ध्यान दिया जाए :

(क) जिन छात्रों ने मुख्य परीक्षा 2021 के लिए पंजीकरण कराया था, उन्हें दोबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है।

(ख) अभ्यर्थियों को सीबीएसई की वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तारीख के बारे में आगे सूचित किया जाएगा। प्रवेश पत्र में किसी भी विसंगति के मामले में, अभ्यर्थी/स्कूल बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें।

(ग) निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

(घ) सीबीएसई देश और विदेश में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित करेगा।

(ङ) कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए केंद्र निर्धारण किया जाएगा और छात्रों को भी इसका सख्ती से पालन करना होगा।

(च) प्रत्येक केंद्र में, सोशल डिस्टेंसिंग के मानदंडों को सख्ती से लागू करने के लिए कम संख्या में अभ्यर्थी आवंटित किए जाएंगे।

(छ) बेहतर ढंग से समझने के लिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित संलग्नकों को ध्यान से पढ़ें और समझें :

(क) कक्षा 12 और कक्षा 10 की विषय सूची - संलग्नक 1

(ख) कक्षा 12 और कक्षा 10 के लिए शुल्क संरचना - संलग्नक 2

(ज) नियमित अभ्यर्थियों के लिए अलग से परिपत्र जारी किया जा रहा है। ये सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर उपलब्ध होगा।

**(डॉ. संयम भारद्वाज)**

**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपि : वेब एडमिन को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

**संलग्नक -1**

| अगस्त-सितंबर 2021 परीक्षा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **परीक्षा केवल निम्नलिखित विषयों में आयोजित की जाएगी** | | | | | |
| **कक्षा 12वीं** | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **विषय कोड** | **विषय का नाम** | **क्रम संख्या** | **विषय कोड** | **विषय का नाम** |
| 1. | 002 | हिंदी ऐच्छिक | 11. | 043 | रसायन विज्ञान |
| 2. | 302 | हिंदी कोर | 12. | 044 | जीव विज्ञान |
| 3. | 027 | इतिहास | 13. | 048 | शारीरिक शिक्षा |
| 4. | 028 | राजनीतिक विज्ञान | 14. | 054 | बिजनेस स्टडीज |
| 5. | 029 | भूगोल | 15. | 055 | लेखाशास्त्र |
| 6. | 030 | अर्थशास्त्र | 16. | 064 | गृह विज्ञान |
| 7. | 037 | मनोविज्ञान | 17. | 065 | इंफोरमैटिक्स प्रक. (नया) |
| 8. | 039 | समाजशास्त्र | 18. | 083 | कंप्यूटर विज्ञान (नया) |
| 9. | 041 | गणित | 19. | 301 | अंग्रेजी कोर |
| 10. | 042 | भौतिकी | | | |

| **कक्षा 10वीं** | | |
|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **विषय कोड** | **विषय का नाम** |
| 1. | 002 | हिंदी कोर्स ए |
| 2. | 085 | हिंदी कोर्स बी |
| 3. | 041 | गणित स्टैन्डर्ड |
| 4. | 241 | गणित बेसिक |
| 5. | 064 | गृह विज्ञान |
| 6. | 086 | विज्ञान |
| 7. | 087 | सामाजिक विज्ञान |
| 8. | 165 | कंप्यूटर अनुप्रयोग |
| 9. | 184 | अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य |
| 10. | 402 | सूचना प्रौद्योगिकी |

**संलग्नक -2**

| **कक्षा 10वीं/12वीं के लिए अभ्यर्थी सूची हेतु शुल्क और अनुसूची**<br>अगस्त-सितंबर 2021 | | |
|---|---|---|
| | | |
| श्रेणी | प्रति विद्यार्थी शुल्क | एलओसी |

| | भारत में विद्यालय | विदेश में विद्यालय | ऑनलाइन जमा करने के लिए अनुसूची |
|---|---|---|---|
| **तक (च) से (क)** सभी श्रेणियों के प्राइवेट अभ्यर्थी | -शून्य- | -शून्य- | लागू नहीं |